अपनी बात

अंक : 550 वर्ष 41

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

राँची, 30 नवम्बर, 2019

कोल इंडिया/सी.सी.एल. का 45वाँ स्थापना दिवस समारोह का भव्य आयोजन

गुब्बारे उड़ाते हुए निदेशक (का.) श्री आर. एस. महापात्रा एवं अन्य

पदोन्नति पत्र वितरण करते हुए निदेशक (का.) श्री आर. एस. महापात्रा

कोल इंडिया/सी.सी.एल. का 45वाँ स्थापना दिवस मुख्यालय, राँची सहित सभी क्षेत्रों तथा ईकाईयों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। 01 नवम्बर को मुख्यालय में आयोजित स्थापना दिवस समारोह में निदेशक (कार्मिक) श्री आर.एस. महापात्र, निदेशक (वित्त) श्री एन.के. अग्रवाल सहित मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष, श्रमिक संघ के प्रतिनिधिगण, अधिकारीगण "शहीद स्मारक" पर दिवंगत सी.सी.एल. सपूतों को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी एवं अमर ज्योति का प्रज्ज्वलन भी किया। मुख्य अतिथि श्री महापात्र ने कोल इंडिया का झंडा फहराया साथ ही सी.सी.एल. एवं विभिन्न क्षेत्रों के झंडों को निदेशक (वित्त) श्री एन.के. अग्रवाल एवं महाप्रबंधको ने फहराया।

निदेशक (कार्मिक) ने सीसीएल वृहद परिवार के प्रत्येक सदस्य को स्थापना दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएँ दी तथा कंपनी की उपलब्धि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। श्री महापात्र ने कहा कि सीसीएल समाज के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

निदेशक (वित्त) श्री एन.के. अग्रवाल ने उपस्थित सभी को स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि सीसीएल न सिर्फ कोयला उत्पादन और प्रेषण करता है बल्कि राज्य में सर्वाधिक टैक्स और रॉयल्टी सरकारी खजाने में देकर राज्य के विकास में योगदान भी करता है।

विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक, सीबीआई, श्री श्रीधर मल्लिक ने स्थापना दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आप सभी कोल कर्मी देश को ऊर्जा प्रदान कर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं जो सही मायने में राष्ट्र सेवा है।

इस अवसर पर मुख्यालय के 65 कर्मियों सहित पूरे सीसीएल में कुल 382 कर्मियों को सामूहिक पदोन्नति दी गई।

कोल इंडिया 2023–24 तक 01 बिलियन टन कोयला उत्पादन करेगा – श्री प्रह्लाद जोशी

भाषण देते हुए कोयला मंत्री श्री प्रह्लाद जोशी

विगत 01 नवम्बर को कोलकाता में कोल इंडिया के 45वें स्थापना दिवस समारोह को बतौर मुख्य अतिथि कोयला एवं खान मंत्री श्री प्रह्लाद जोशी ने कोल कर्मियों को स्थापना दिवस की शुभकामनायें दी। सभा को संबोधित कर करते हुए उन्होंने कहा कि भारत सरकार की महारत्न कंपनी कोल इंडिया वित्तीय वर्ष 2023–24 तक 01 बिलियन टन कोयला उत्पादन करेगा और कंपनी आगामी वित्तीय वर्ष (2020–21) में 750 मिलियन टन कोयले का उत्पादन करेगा। कंपनी लक्ष्य प्राप्ति हेतु निकट भविष्य में लगभग 08 हजार भर्तियाँ करेगी।

जेएसएसपीएस कैडेटस को जीत की बधाई

माननीय खेल मंत्री श्री किरण रिजिजू के साथ जेएसएसपीएस के कैडेट्स

विगत 30 नवम्बर को सीएमडी श्री गोपाल सिंह ने जेएसएसपीएस के सात स्पोर्टस कैडेट्स जो राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैम्पियनशीप में मेडल प्राप्त करने पर शुभकामनाएँ एवं आशीर्वाद दिये और प्रेरित करते हुए कहा कि आगामी राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर में भी अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करें और सीसीएल एवं झारखंड राज्य का नाम रौशन करें। यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता नवोदय विद्यालय समिति द्वारा आयोजित किया गया था। देश के प्रत्येक राज्य एवं केन्द्र शासित राज्य से 298 बॉक्सरों ने भाग लिया था।

माननीय खेल मंत्री, भारत सरकार श्री किरण रिजिजू ने जेएसएसपीएस के विजेता कैडेटस को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।

जेएसएसपीएस कैडेटस का प्रदर्शन इस प्रकार रहा : आनन्द कुमार प्रजापति (38 किलोग्राम) सिल्वर मेडल प्राप्त किया जबकि रोहित कुमार यादव (44 किलोग्राम), एवं आलोक कुमार (40 किलोग्राम) ने कांस्य पदक हासिल किया। साथ ही अमित कुमार (34 किलोग्राम), सुमित उराँव (42 किलोग्राम), आशिष कुमार (48 किलोग्राम), अभय तिर्की (50 किलोग्राम) ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए प्रि क्वार्टर फाईनल/क्वार्टर फाईनल तक पहुंचे। जेएसएसपीएस को उनके प्रदर्शन के आधार पर चैम्पियनशीप में 08 (आठ) बेस्ट टीम के श्रेणी में रखा गया। वर्तमान में खेल अकादमी में एथलेटिक्स, कुश्ती, तीरंदाजी, तायक्वोंडो, शूटिंग, बॉक्सिंग, साईकिलिंग, भारोत्तोलन, तैराकी और फुटबॉल आदि में 338 स्पोर्ट्स कैडेटों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इन बच्चों के रहने–खाने, शिक्षा, कोचिंग आदि का पूरा खर्चा खेल अकादमी वहन करती है। इन चयनित बच्चों को प्रति माह पांच सौ रूपये स्टाईपेंड भी दिया जाता है।

सेवानिवृत कर्मियों को विदाई

सेवानिवृत कर्मियों के साथ सीएमडी श्री गोपाल सिंह एवं अन्य

पूरे सीसीएल से नवम्बर माह में 121 सेवानिवृत कर्मियों को "सम्मान समारोह" का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। मुख्यालय से सेवानिवृत होने वाले कर्मियों के नाम : सीसीएल सर्वश्री उदय शंकर, महाप्रबंधक (माईनिंग)/निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) के तकनीकी सचिव, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) के सचिवालय, रवि प्रकाश, मुख्य प्रबंधक (कार्मिक), सीएसआर विभाग (नितेश्वर प्रसाद सिंह, मुख्य प्रबंधक (ई. एण्ड एम.), वाशरी विभाग, जावेद अक्तर, कार्यालय अधीक्षक ग्रेड 'ए–1', उत्खनन विभाग, श्याम सुन्दर प्रसाद, हेड सर्वेयर (असैनिक), असैनिक विभाग, गनौर मल्लिक, सहायक सुपरवाईजर (ट्रांसपोर्ट), ग्रेड 'सी', प्रशासन विभाग तथा केन्द्रीय अस्पताल गांधीनगर से डॉ. सुमन सिन्हा, सीएमएस एवं श्रीमती बी. सोरेन, मेट्रन, ग्रेड 'ए–1'।

बच्चों का भविष्य सँवारते हैं, इसलिए कोयला निकालते हैं – सीएमडी श्री गोपाल सिंह

सम्पादक : दीपक कुमार, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, सहायक प्रबंधक (जनसम्पर्क), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित एवं सीसीएल प्रेस, राँची में मुद्रित। (आंतरिक वितरण हेतु)